यूपी जीआईएस-2023

सीएम योगी के नेतृत्व में निवेश के लिए 'उत्तम राज्य' बना उत्तर प्रदेश: जी किशन रेड्डी

यूपी पर्यटन नीति 2022 के सभी प्रावधान किए जाएंगे लागू, सभी सुविधाएं, सब्सिडी और प्रोत्साहन दिया जाएगा: जयवीर सिंह

जीआईएस-23 में पर्यटन पर आयोजित सत्र में पैनलिस्टों ने कहा- योगी सरकार यूपी को पर्यटन हब के रूप में कर रही है विकसित

लखनऊ, 10 फरवरीः लखनऊ में आयोजित जीआईएस-23 में शिरकत करने पहुंचे केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और कल्याणकारी नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश आज निवेश के लिए 'उत्तम प्रदेश' बन गया है। उन्होंने निवेशकों से आग्रह किया कि वे अपार संभावनाओं और महत्वाकांक्षा वाले इस राज्य के विकास में अपना योगदान दें।

जीआईएस-23 में पर्यटन पर आयोजित सत्र में केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी, उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। पर्यटन के क्षेत्र में आधुनिक और प्रगतिशील उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक विरासत का लाभ कैसे लिया जाए इस पर पैनलिस्टों ने गहन मंथन किया। केंद्रीय पर्यटन मंत्री रेड्डी ने कहा कि यूपी आने वाले दिनों में दुनिया में निवेश के लिए सबसे अच्छा राज्य होगा। यूपी सरकार की प्रतिबद्धता और प्रयासों को मैं सलाम करता हूं और इस सम्मेलन की सफलता के लिए बधाई देता हूं।

पैनलिस्टों ने कहा कि यूपी भगवान का राज्य है। इस राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने इसकी क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रयासों की जमकर प्रशंसा की। वहीं, राज्य के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने इस अवसर पर आश्वासन दिया कि यूपी पर्यटन नीति 2022 में घोषित सभी प्रावधानों को लागू किया जाएगा। इसके तहत सभी सुविधाएं, सब्सिडी और प्रोत्साहन दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यूपी ने 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा था। हालांकि अब तक लगभग 33 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, जो बेहतर कानून व्यवस्था और डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में हो रहे विकास की गवाही देते हैं।